कृषि विज्ञान केन्द्र, रामगढ़ के द्वारा बूढ़ाखाप गांव में प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन

कृषि विज्ञान केन्द्र, रामगढ़ के द्वारा सी. आर. पी. ऑन कृषि यांत्रिकरण एवं परिसुद्धता खेती परियोजना के अंतर्गत मांडू प्रखण्ड के बूढ़ाखाप गॉव में 5 अगस्त, 2021 को प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में किसानों के बीच भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, पटना से आये कृषि वैज्ञानिक डॉ प्रेम कुमार सुन्दरम, डॉ पवन जीत एवं वरीय तकनीकी सहायक मनोज कुमार सिन्हा नें " प्रिसिजन फार्मिंग तकनीक के माध्यम से कृषि की उत्पादकता में बढ़ोतरी" के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान किया। प्रिसिजन फार्मिंग तकनीक जैसे पावर टिलर, मिनी ट्रैक्टर, टपक सिंचाई, फबारा सिंचाई, मुलचिंग, बरसात के दिनों में धान के फसल में उपयोग होने वाले मशीन (कोनो वीडर, मांडवा वीडर) एवं अन्य उपर्युक्त मशीन के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान किया। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ इंद्रजीत ने बरसात में लगने वाले फसल जैसे धान, मक्का एवं सब्जियों के बारे में विस्तार से चर्चा किया। साथ ही साथ किसान के खेती संबंधित समस्याओं के निवारण जैसे फसल में बीमारी के रोकथाम से बचाव के लिए दवाइयों के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में गॉव के 38 प्रगतिशील किसान ने भाग लिया, जिसमें ज्यादातर महिलाएं शामिल थी।